तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 16 जुलाई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 परपोड़ी स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा बढ़ा, पर सुविधाएं जस की तस



10 प्रीपेड स्मार्ट मीटर रीचार्ज नहीं किया तो भी छुट्टी के...



# 46 साल पहले पिता ने बनवाया था स्कूल भवन, बेटी-दामाद ने करवाया नवनिर्माण

## ग्राम करचुवा स्थित प्राथमिक शाला को मिला सर्वसुविधायुक्त नया भवन

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के बेमेतरा ब्लाक के ग्राम केवांची की वर्मा दंपति ने प्रेरणा दायक कार्य करते हुए 11 लाख रुपए से ज्यादा लागत लगाकर बच्चों के लिए स्कूल में पढ़ने के लिए सर्व सुविधा युक्त कमरा अपने बुजुर्गों के नाम से बनवा दिया। इस नेक कार्य पर अंचल के लोग वर्मा दंपति की सरहाना कर रहे हैं। एक छोटे से समारोह आयोजित कर उक्त स्कूल का क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने विधिवत उद्घाटन किया गया। उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय से लगभग 10 किमी दूर स्थित ग्राम करचुवा में स्वर्गीय दाऊ नारायण सिंह वर्मा ने 1978 में ग्राम प्राथमिक शाला में दो कमरे व बरामदा ग्राम के बच्चों की पढ़ाई के लिए बनवाया था। 2024 में वो पूरी तरह जर्जर हालत में हो चुका था, जिसे उसकी बेटी सावित्री बाई ओर दामाद इन्द्रावन सिंह वर्मा ने उक्त जर्जर भवन का फिर से 11 लाख 60 हजार रुपए निर्माण कराकर स्वर्गीय दाऊ नारायण सिंह वर्मा की स्मृति में स्कूल को समर्पित किया।

नवनिर्मित शाला भवन के लोकार्पण समारोह की मुख्य अतिथि जिला ▶▶| शेष पेज 11 पर

■ वर्मा दंपति ने 11 लाख 60 हजार की लागत से बनवाया नया भवन




### बुजुर्गों के बताए मार्ग पर चल रहा परिवार

भवन के लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता साहू ने कहा कि बदले जमाने में इस तरह का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करना हम सब के लिए सीख के साथ-साथ प्रेरणादायक है। वर्तमान समय में लोग अपने स्वार्थ के लिए जीते हैं परंतु वर्मा दंपति ने अपने बुजुर्गों की राह में ही चले यह प्रशंसनीय है। कार्यक्रम में पंचायत सचिव करचुवा मंत्री वर्मा, सत्यपाल चंद्राकर, लहर सिंह नेताम संकुल समन्वयक खण्डसरा ,नारायण सिंह नेताम प्रधानपाठक, शिक्षिका देवकुमारी पड़ोटी, नमिता सिन्हा, मुकेश कुमार सेन, दुष्यंत साहू , नेतराम वर्मा, बबिता दास, हीरा लाल साहू, मिथलेश वर्मा, ताराचंद वर्मा, हरि राम ध्रुव, कोमल वर्मा, प्राथ. शाला अध्यक्ष, दीनदयाल वर्मा उपाध्यक्ष, राजेंद्र वर्मा, चेतन वर्मा, बोधीराम यदु, डोमन निर्मलकर, बसंत वर्मा, कुबेर वर्मा सहित स्कूली बच्चे और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### वक्ताओं ने कहा, अनुकरणीय पहल

जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि दुनिया में दान करने वाले बहुत हैं, पर जिस तरह से ग्राम में सावित्री बाई ओर दामाद इन्द्रावन सिंह वर्मा ने ग्राम के विद्यार्थियों और शिक्षा के बारे में सोचकर यह कार्य किया है जो जिले के लिए एक आदर्श है। सभा को जिला पंचायत सदस्य बालकुमारी ध्रुव, जनपद अध्यक्ष रीना देवी वर्मा, पूर्णिमा चंद्राकर सहित अन्य वक्ताओं ने भी ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप

### निकुम में युवक ने लगाई फांसी

**बालोद/निकुम।** अंडा थाना क्षेत्र के ग्राम निकुम पुरानी बस्ती में अज्ञात कारणों से सोमवार को 21 वर्षीय युवक प्रेमप्रकाश साहू ने अपने घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। अंडा पुलिस के एएसआई दिनेश वर्मा ने बताया कि मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्डम कराने दुर्ग मरच्युरी भेजा गया है। उन्होंने कहा कि मामले की विवेचना की जा रही है।

### कलेक्टोरेट जाने के लिए जल्द मिलेगी ई-रिक्शा की सुविधा

**बालोद।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री, गृहमंत्री तथा बालोद जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा के पहली बार बालोद पहुंचने पर भाजपा जिला कार्यालय में उनका भव्य स्वागत किया गया। गृह मंत्री ने वहां कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक के दौरान महिला मोर्चा महामंत्री डॉ मोना टुवानी ने उन्हें बताया कि कलेक्टोरेट जाने में आमजनों को बड़ी मुश्किलों और दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि कलेक्टोरेट बालोद शहर से बाहर काफी दूर पड़ता है। डॉ टुवानी ने उनसे आग्रह किया कि आम जनों के लिए कलेक्टोरेट जाने के लिए ई रिक्शा की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। यह सुविधा उन्हें बस स्टैंड और झलमला चौक से उपलब्ध करवाई जाए। श्री शर्मा ने जल्द से जल्द सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही।

### छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ बालोद की बैठक कल

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जिला बालोद की बैठक 17 जुलाई को दोपहर दो बजे जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय विवेकानंद सभागार में रखी गई है। बैठक में जिला बालोद के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, विकासखण्ड के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, संगठन मंत्री, जिले में निवासरत संभाग एवं प्रांतीय कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

## अपराध

### ग्राम ठेलका स्थित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में अज्ञात चोरों ने बोला धावा

# सीसीटीवी के तार काट बैंक में घुसे चोर लॉकर नहीं तोड़ पाए, 35 लाख सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साजा विकासखण्ड एवं थान खम्हरिया थाना इलाके के ग्राम ठेलका स्थित ज़िला सहकारी केंद्रीय बैंक में विगत दो दिनों के अवकाश के बीच अज्ञात चोरों ने सेंधमारी की बड़ी घटना को अंजाम दिया। हालांकि अज्ञात चोर काफी प्रयास के बाद भी बैंक के लॉकर में रखी नकद रकम अपने साथ ले जाने में कामयाब नहीं हो पाए। इस तरह बैंक में रखे लगभग 35 लाख सुरक्षित हैं। किन्तु इस वारदात के खुलासे के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। वहीं, जिला पुलिस प्रशासन द्वारा मामले की तहकीकात शुरू कर दी गयी है।

मिली जानकारी के मुताबिक विगत ज़िला सहकारी केंद्र ठेलका ब्रांच में दो दिनों से अवकाश के कारण बैंक बन्द थी। इसी मौके का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों के गिरोह ने बड़े ही शातिराना तरीके से सीसीटीवी कैमरे का तार काटा। उसके बाद ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए। जहां पर कई सामानों को इधर-उधर करने के बाद लॉकर पर हाथ साफ करने की कोशिश की। लेकिन कटर व अन्य मशीनी उपकरण के प्रयोग के बावजूद लॉकर नहीं टूटा। अपने प्रयास में असफल होने के बाद अज्ञात चोर बैंक से भाग निकले। घटना की जानकारी सोमवार को बैंक स्टॉफ को हुई। उसके बाद थान खम्हरिया पुलिस को सूचना दी गयी। जिसके बाद पुलिस ने मामले की गम्भीरता से लेते हुए जांच तफ्तीश शुरू कर दी। इस वारदात की खबर पर जिला पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू भी घटनास्थल पर पहुंचे और बैंककर्मियों से पूछताछ की। वहीं, एसपी ने घटना की जांच के लिए टीम बनाई है। उनके दिशानिर्देश पर घटनास्थल पर साईबर टीम एवं डॉग स्कवाड की मदद ली जा रही है।

■ गैस कटर से लॉकर को काटने की कोशिश, नाकाम रहने पर भागे



### कैमरे के सीडीआर साथ ले गए

इस संबंध में एक बैंककर्मी ने बताया कि उनके यहां के बैंक लॉकर बीते दो दिनों की राशि रखी थी। यह अनुमानित रकम 35 लाख रुपए बताई जा रही है। हालाँकि चोर भरसक प्रयास के बावजूद लॉकर को तोड़ने में सफल नहीं हो पाए। उसके बाद वे कैमरे के सीडीआर को भी साथ ले गए हैं।

### बेरला व देवरबीजा में भी हो चुकी है ऐसी ही कोशिश

फिलहाल थानखम्हरिया थाने की पुलिस संदिग्धों की तलाशी कर रही है। घटना के समय की अन्य जगह के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, जिसमे जल्द ही बैंक में सेंधमारी करने वाले अज्ञात चोरों की गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है। ज्ञात हो कि इससे पूर्व में बेरला एवं देवरबीजा में भी सेंधमारी का ऐसा ही प्रयास किया जा चुका है। वहां भी चोरों को कामयाबी नहीं मिली थी। चूँकि थानखम्हरिया के ठेलका के इस बैंक में चोरी के प्रयास का यह पहला मामला है। इसलिए इसकी खबर पूरे क्षेत्र में जंगल की आग की तरह फैल गई।

## हाफ नदी में बढ़ा जलस्तर



**बेमेतरा/दाढ़ी।** तहसील की अहम हाफ नदी का जलस्तर बरसात के साथ बढ़ने लगा है। नदी के ऊपरी इलाकों में लगातार बारिश से छोटे-नदी नालों में भरपूर पानी पहुंच चुका है। असर यह है कि गर्मी में पूर्णतः सूख चुकी हॉफ नदी मौसम के वर्षामय होने पर फिर अपने सबाब पर नज़र आ रही है। फिलहाल दाढ़ी सहित अंचल क्षेत्र के इलाकों में जबरदस्त बरसात के कारण पानी का जलस्तर काफी बेहतर बताया जा रहा है।

आगामी दिनों और जमकर बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। लिहाजा आने वाले दिनों में हॉफ नदी में उफान की स्थिति देखने को मिल सकती है। हालाँकि नदी का फैलाव क्षेत्र कम होने एवं गहराई ज्यादा होने से नदी भयंकर रूप का प्रभाव क्षेत्र में ज्यादा नहीं होता है। दरअसल दाढ़ी तहसील क्षेत्र में इस नदी का बड़ा ही महत्व है, क्योंकि यहां जलस्तर एवं जलस्रोत के लिए बड़ी भूमिका इस नदी की है। इसी से सम्बद्ध सिंचाई की विभिन्न परियोजनाएं भी हैं, जहाँ से कृषि कार्य संपन्न होते हैं एवं दैनिक कामकाज व अन्य जरूरतों की पूर्ति के लिए पानी मिलता है। इसलिए हाफ नदी में पानी की तेज धारा देखना क्षेत्रवासियों के लिए सुखद है।

# स्कूली शिक्षा से वंचित असाक्षरों को पढ़ा लिखा कर साक्षर बनाने किया जा रहा घर- घर सर्वे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में उल्लेखित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत सर्वे कार्य हेतु ग्राम केशतरा विकासखण्ड साजा में असाक्षर प्रशिक्षार्थी एवं स्वयंसेवी शिक्षकों के चिन्हांकन के लिए हाई स्कूल केशतरा की प्राचार्य नेमेश्वरी साहू, पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक पवन कुमार साहू, और प्राथमिक विद्यालय के प्रधान पाठक गणेश्वर ठाकुर, सीमा चक्रधारी द्वारा ग्राम केशतरा में घर-घर जाकर सर्वे कार्य किया जा रहा है। उल्लास कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूली शिक्षा से वंचित असाक्षरों को पढ़ा लिखा कर साक्षर बनाना है। जिसके लिए पास के ही स्कूल को साक्षर केंद्र बनाया गया है। जिसमें स्कूल समय के अतिरिक्त समय में स्वयंसेवी शिक्षक असाक्षरों को साक्षर ज्ञान कराएंगे। जिसके लिए ग्राम एवं वार्डों में 15 साल से ऊपर के असाक्षरों को लिया जाएगा। हाईस्कूल केशतरा की प्राचार्य नेमेश्वरी साहू ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य न केवल आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान प्रदान करना है।

बल्कि 21वीं सदी के नागरिकों के लिए आवश्यक अन्य घटकों को भी शामिल करना है। जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशल, स्वास्थ्य देखभाल, और जागरूकता। इसका महत्व यह है कि साक्षर, लोगों को सशक्त और स्वतंत्र बनाती हैं। शिक्षा के अधिकार के हिस्से के रूप में इसके महत्व से परे, साक्षरता क्षमताओं का विस्तार करके जीवन को बेहतर बनाती हैं जो बदले में गरीबी को कम करती हैं, श्रम बाजार में भागीदारी बढ़ाती है स्वास्थ्य और सतत विकास पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं।

■ ग्राम केशतरा में उल्लास कार्यक्रम

### 34 लाख 14 हजार की लागत से किया गया है निर्माण

# खाद्य मंत्री बघेल ने ग्राम घोरहा में विकासकार्यों का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने बेमेतरा जिले नवागढ़ विकास खंड के ग्राम पंचायत घोरहा में महामाया मंदिर की पूजा अर्चना कर 34 लाख 14 हजार के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें ग्राम घोरहा में सांस्कृतिक भवन निर्माण, सी सी रोड, और शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला का अतिरिक्त कक्ष निर्माण के कार्य शामिल हैं। खाद्य मंत्री श्री बघेल ने कार्यकम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में पूरा मंत्री मंडल 13 जुलाई को अयोध्या में प्रभु श्री राम का दर्शन करके लौटे हैं। हम सभी ने प्रभु श्री राम के दर्शन करके छत्तीसगढ़ के खुशहाली, विकास और छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने के लिए आशीर्वाद लेकर आए हैं। उन्होंने शासन की विभिन्न योजनाओं का भी लाभ उठाने कि लिए लोगो को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सभापति अंजू बघेल, मारो नगर ▶▶| शेष पेज 11 पर



हरिभूमि
## पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

# कार्यक्रम के दौरान पंडाल में फैला करंट, बच्ची की मौत

**बालोद।** करंट लगने से 7 साल की मासूम बच्ची की मौत हो गई। घटना रविवार की देर शाम बालोद थाना क्षेत्र के ग्राम निपानी की है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम निपानी में ग्रामीणों द्वारा शिवलिंग स्थापना का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में ग्रामीण मौजूद थे, वहीं गांव के ही शिवानंद साहू की बेटी मोनिका साहू भी पहुंची थी। ग्रामीणों ने बताया कि कार्यक्रम के लिए टेंट लगाया गया था। इस बीच टेंट के लिए लगाई गई पाइप में अचानक करंट प्रवाहित होने लगा। इस दौरान मासूम बच्ची मोनिका ने पाइप को पकड़ लिया और उसे करंट लग गया। ग्रामीण उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोमवार को शव का पोस्टमार्टम कर शव को उनके परिजनों को सौंपा गया।






## खबर संक्षेप



### महंत हरिदास त्यागी की मनाई पुण्यतिथि, भंडारा भी

**रायपुर।** श्री संकटमोचन वीर हनुमान मंदिर बुद्धेश्वर मंदिर के सामने रविवार को महंत हरिदास त्यागी की 14वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर मंदिरों के पुजारी, साधु-संत एवं ब्राह्मण शामिल हुए। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम के बाद महाभंडारा का आयोजन हुआ, जिसमें राहगीरों और श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा गया। साथ ही विरंची नारायण मंदिर के महंत देवदास गोपाल, महंत गोपाल शरण दास एवं नया मंदिर के अजय तिवारी, राम मंदिर के राघवेंद्र शास्त्री एवं अन्य मंदिर के पुजारी, ब्राह्मणों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में मंदिर समिति के अनिल अग्रवाल, नानक पांडे, प्रशांत पांडे, इंद्रजीत सोनी, कामेश तिवारी, कृष्णा बिहारी अग्रवाल एवं अन्य सभी सेवकों का सहयोग रहा।

### शिवसेना उद्धव गुट ने मनाया स्थापना दिवस



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शिवसेना (उद्धव गुट) के पदाधिकारियों ने शिवसेना कार्यालय में 41वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे की तस्वीर पर माल्यार्पण किया और मिष्ठान वितरण कर खुशियां मनाई गई। इस मौके पर शिवसेना के प्रदेश महासचिव एचएन सिंह पालीवार ने बताया कि स्थापना दिवस के मौके पर संगठन बढ़ाने पर चर्चा की गई। साथ ही आगामी नगरीय निकाय चुनाव में राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के अन्य जिलों में भी प्रत्याशी उतारने का फैसला लिया गया। कार्यक्रम में सुनील कुकरेजा, संजय नाग, बल्लू जांगड़े, सुरेश तिवारी, आनंद तिवारी, मुरारी सोनी, प्रकाश यादव, घनश्याम यादव, मोहित सिन्हा, साई प्रजापति, धनंजय गोयल, पप्पू विश्वकर्मा, शिवराम साहू, हरीश साहू, राजेंद्र निर्मलकर, ओमप्रकाश साहू, जिगर प्रजापति, नीरज भोई आदि उपस्थित रहे।

### 100 से अधिक फलदार पौधे रोपे

**रायपुर।** दरअसल लगातार बढ़ रही वृक्षों की कटाई से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है और तापमान में वृद्धि हो रही है। इसलिए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वॉलफोर्ट सिटी वर्किंग कमेटी भाठागांव द्वारा रविवार को पौधारोपण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने किया। इसके बाद कमेटी के कार्यकर्ताओं ने 100 से अधिक छायादार और फलदार पेड़ लगाए। सघन पौधारोपण कार्यक्रम में कमेटी के राकेश अग्रवाल, पन्नालाल, एसएल अग्रवाल, राजेश जैन, आनंद चौधरी, डॉ. मनीष श्रीवास्तव, सुनील जौहरी, मूलचंद लाहोटी, अजय मालू, डॉ. जसवंत जैन, संदीप अग्रवाल, पवन बंसल आदि शामिल थे।

### नेशनल लोक अदालत में 8 लाख से ज्यादा मामलों का निराकरण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य में द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन उच्च न्यायालय से लेकर तालुका स्तर के न्यायालयों के साथ-साथ राजस्व न्यायालयों में 13 जुलाई को आयोजित किया गया। नेशनल लोक अदालत हेतु गठित कुल 605 खंडपीठों द्वारा प्रेषित अंतिम आंकड़ों में 7 लाख 66 हजार 639 प्री- लिटिगेशन प्रकरण तथा 65 हजार 139 लंबित मामलों को मिलाकर कुल 8 लाख 31 हजार 848 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 230 करोड़ 9 लाख 55 हजार 219 रुपये के अवार्ड पारित किए गए। न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधिपति, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय-सह- मुख्य संरक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राज्य के सभी 23 जिलों एवं सत्र न्यायालयों से वर्चुअल मोड के माध्यम जुड़कर लोक अदालत की कार्यवाहियों का निरीक्षण किया गया।

# प्लास्टिक सर्जरी लौटा रही बच्चों की मुस्कान डीकेएस में हर महीने आधा दर्जन ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जन्मजात कटे-फटे होंठ और तालू के साथ जन्मे बच्चों की मुस्कान प्लास्टिक सर्जरी के माध्यम से लौटाई जा रही है। इसके लिए डीके अस्पताल के बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग में हर महीने आधा दर्जन ऑपरेशन किए जा रहे हैं। इसके अलावा किसी हादसे में मिले जख्म अथवा अलग हो चुके अंगों को जोड़कर मरीजों की जान भी बचाई जा रही है।

■ वर्ल्ड प्लास्टिक सर्जरी डे आज

चिकित्सकों के अनुसार अस्पतालों के ज्यादातर विभागों में होने वाली सर्जरी के बारे में लोगों को आसानी समझ आ जाता है, मगर प्लास्टिक सर्जरी ऐसा विभाग है, जिसके बारे में लोगों को कम ही जानकारी होती है। आम लोगों को इस विभाग के माध्यम से दी जाने वाली सुविधा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए वर्ल्ड प्लास्टिक सर्जरी डे मनाया जाता है। यह विभाग ऐसा है, जहां किसी वजह से खराब हो चुके शरीर के हिस्से को निकालकर उसका पुनर्निर्माण किया जाता है। डीके अस्पताल में संचालित बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग के चिकित्सक भी इसी प्रयास में जुटे हुए हैं। उनके द्वारा हर महीने दस से ज्यादा मरीजों की कटे होंठ, फटे तालू और कान की प्लास्टिक सर्जरी कर राहत प्रदान की जा रही है। इसके अलावा किसी बुरे हादसे में आए चेहरे के फ्रैक्चर सहित अन्य विकृतियों और कट चुके अंग को वापस जोड़कर लोगों को राहत दिलाई जा रही है। छत्तीसगढ़ के अलावा यूपी, बिहार, झारखंड और ओडिशा के मरीज भी यहां ऑपरेशन के जरिए राहत पा चुके हैं।

## ओडिशा, झारखंड, यूपी, बिहार के मरीजों को भी मिल रहा लाभ

### हर महीने सौ ऑपरेशन

डीके अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हेमंत शर्मा ने बताया कि विभाग की ओपीडी में प्रतिदिन 30 से 40 मरीज पहुंचते हैं। साथ ही यहां हर महीने सौ मरीजों का ऑपरेशन किया जाता है। यहां डॉ. दक्षेश शाह, डॉ. कृष्णकांत ध्रुव, डॉ. वी. दयाल तथा डॉ. एन. खूबचंदानी काम कर रहे हैं। प्लास्टिक सर्जरी के इस विभाग में हर वर्ष 10 हजार से ज्यादा लोग बाह्य रोग विभाग में अपना इलाज करा रहे हैं और प्रतिवर्ष करीब 4000 लोगों का ऑपरेशन किया जा रहा है। जेएन मेडिकल कॉलेज एवं डीके सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में वर्ष 2005 से प्लास्टिक सर्जरी की सुविधा मिल रही है और यहां एमसीएच कोर्स का संचालन भी किया जा रहा है।




### शासकीय स्तर पर एकमात्र स्किन बैंक

शासकीय स्तर पर डीके अस्पताल में एकमात्र स्किन बैंक का संचालन हो रहा है, जहां अब तक डेढ़ दर्जन से ज्यादा परिवारों ने अपने रिश्तेदारों की त्वचा दान में दी है। इसके माध्यम से कई बार गंभीर मरीजों की सर्जरी कर लोगों की जान बचाई गई है। दान में मिली त्वचा का 60 प्रतिशत से अधिक उपयोग बर्न विभाग में भर्ती होने वाले मरीजों के लिए किया जाता है। यहां कॉस्मेटिक सर्जरी, जिसमें चेहरे, नाक, बाल, स्तन एवं अनचाही चर्बी के इलाज की भी मरीजों को सुविधा मिल रही है।

## भटक रहे हितग्राही, जोन से लेकर पार्षद कार्यालय तक लगा रहे चक्कर

# नए राशनकार्ड का कहीं कवर नहीं आया तो कहीं महीनेभर से पीडीएफ लिस्ट का लोचा

### 28 जून से खाद्य विभाग की साइट बंद, नवीनीकरण नाम जोड़ने का काम बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

नए राशनकार्ड के लिए शहरवासियों को जोन से लेकर पार्षद कार्यालय तक भटकना पड़ रहा है। कुछ जगहों पर नए राशनकार्ड के पीडीएफ सूची खाद्य विभाग ने भेज तो दी है, पर उसका कवर नहीं भेजा। कुछ वार्ड ऐसे भी हैं, जहां खाद्य विभाग से राशनकार्ड धारियों का पीडीएफ महीनों से नहीं आया। इस वजह से आम जनता नए राशनकार्ड के लिए चक्कर काट रही है। 28 जून से राशनकार्ड बनाने के ऑनलाइन सिस्टम की साइट बंद बताई जा रही है, इससे वार्ड स्तर पर लोगों के राशनकार्ड में नाम जोड़ने से लेकर नवीनीकरण का काम अटक गया है।

प्रभावित वार्ड के पार्षद अब कलेक्टर से इसकी शिकायत करने की तैयारी में हैं। हरिभूमि ने नए राशनकार्ड की वितरण व्यवस्था को लेकर पड़ताल की, जिसमें ये बातें खुलकर सामने आईं।

**केस 1**

### पीडीएफ नहीं भेजा वापस जा रहे कार्डधारी

महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड में नए राशनकार्ड वितरण का काम खाद्य विभाग से पीडीएफ लिस्ट नहीं आने से अटक गया है। 4 हजार नए राशनकार्ड ऐसे हैं, जिनका पीडीएफ बनकर अब तक नहीं आया। साथ ही जिन लोगों ने पहले राशनकार्ड का नवीनीकरण कराया, उनका भी सूची में नाम नहीं आने से उपभोक्ताओं को नया राशनकार्ड नहीं मिल पाया है। पार्षद एवं एमआईसी सदस्य जितेंद्र अग्रवाल का कहना है कि कार्डधारी नए राशनकार्ड के लिए रोज उनके कार्यालय आकर वापस जा रहे हैं। उन्हें अब अगस्त में आने को कह रहे हैं। उनके वार्ड 7 हजार राशनकार्डधारी हैं, इनमें से पूर्व में 3 हजार नए राशनकार्ड का वितरण किया गया। बाकी के नए राशनकार्ड अब तक बनकर नहीं आए।

### अब कलेक्टर से शिकायत की तैयारी




**केस 1**

### 80 फीसदी राशनकार्ड वितरण बाकी

लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड में अब तक केवल 20 फीसदी लोगों को ही नया राशनकार्ड मिल पाया है। 80 फीसदी कार्डधारी नए कार्ड के लिए परेशान हैं। पार्षद व जोन-10 के अध्यक्ष आकाशदीप शर्मा ने बताया कि खाद्य शाखा से केवल पीडीएफ का खाली पन्ना भेज दिया गया है। न कवर पुस्तक है, न ही वार्डवार सूची। इससे लोगों का नाम छांटने में भारी दिक्कत हो रही है। सबसे बड़ी परेशानी ये है कि उनका वार्ड चार अलग-अलग वार्डों को मिलाकर बनाया गया है। इसमें डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड, मदर टेरेसा वार्ड, रविंद्र नाथ टैगोर वार्ड और अरविंद दीक्षित वार्ड के मतदाता समाहित हैं। निगम वाले उन्हें अलग-अलग वार्डों में राशनकार्ड के लिए भेज रहे हैं। जबकि ये सब लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड के मतदाता हैं। उन्हें इसी वार्ड से नया राशनकार्ड वितरित करना चाहिए।

**केस 3**

### पुराना जमा कराया, नया नहीं भेज रहे

जोन-2 के शहीद हेमू कालाणी वार्ड में 1700 राशन कार्डधारी हैं। इनमें से 700 राशनकार्ड धारियों को नया कार्ड दिया गया। इस दौरान बाकी लोगों से भी उनके पुराने राशनकार्ड जमा कराए गए, पर 1100 लोगों का नया राशनकार्ड संबंधी पीडीएफ पार्षद कार्यालय में अब तक नहीं पहुंच पाया है। जोन अध्यक्ष हरदीप सिंह होरा का कहना है, उनके यहां खाद्य शाखा से केवल एक ही बार पीडीएफ भेजा गया। 15 दिन से कोई पीडीएफ नहीं आया है। दिक्कत ये है, खाद्य विभाग की तरफ से सही जानकारी जनप्रतिनिधियों को नहीं दी जा रही है। वीरांगना अवंति बाई वार्ड, राजीव गांधी वार्ड में इसी तरह की दिक्कत सामने आई है।

**केस 4**

### साइट बंद, नवीनीकरण नहीं हो रहा

संत रामदास वार्ड के रहवासी पिछले माहभर से नए राशनकार्ड के लिए भटक रहे हैं। वार्ड में 1600 राशन कार्डधारी हैं, इनमें से 50 फीसदी कार्डधारियों को नए कार्ड का वितरण किया जा चुका है। बाकी के 50 फीसदी लोग पीडीएफ प्रिंट नहीं आने से नए राशनकार्ड पाने से वंचित हैं। पार्षद भोलाराम साहू ने बताया, 28 जून से राशनकार्ड नवीनीकरण में भी दिक्कत आ रही है। विभागीय साइट बंद होने से ऑनलाइन आवेदन सिस्टम ठप पड़ा है। राशनकार्ड में नाम जोड़ने और नाम हटाने का काम इससे प्रभावित है। जोन दफ्तर में भी इसकी शिकायत की है।

# फ्लैट में आग लगाकर बच्चे के साथ दुबका रहा युवक, पुलिस ने बचाया

■ कचना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के चौथे माले पर रह रहे युवक ने बच्चे के साथ कमरे में आग लगाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खम्हारडीह थाना क्षेत्र स्थित कचना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक व्यक्ति ने अपने छह साल के बच्चे के साथ रसोईघर में रखे गैस सिलेंडर की पाइप खोलकर आग लगा दी। घर के अंदर आग की लपटें उठते देख पड़ोसियों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घर में आग लगाने वाले तथा उसके बेटे को सकुशल बाहर निकाला और सिलेंडर में लगी आग को बुझाने में तत्परता दिखाई।

पुलिस के मुताबिक, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के चाथे माले पर रह रहने वाला फनीश मिश्रा ने अपने घर के किचन में रखे रसोई गैस के सिलेंडर का पाइप निकालकर आग लगाने की घटना को अंजाम दिया था। घर की खिड़की से आग की लपटें उठते देख पड़ोसियों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी।

पुलिस के अनुसार, घर में आग लगाने के बाद फनीश अपने बेटे को साथ लेकर एक कोने में बैठा था। बाप-बेटे को सकुशल बाहर निकालने के बाद पुलिस ने फनीश से आग लगने का कारण पूछा तो उसने पुलिस को बताया कि उसने खुद अपनी घर में आग लगाई है। पुलिस ने वजह पूछी तो फनीश ने पुलिस से कहा, लगा दिया तो लगा दिया।

***हरकतों की वजह से निलंबित भी :*** पुलिस के अनुसार, फनीश की अजीबो-गरीब हरकतों से परेशान होकर एक साल पूर्व पत्नी साथ छोड़कर अलग रह रही है। फनीश से अपना बच्चा लेने उसकी पत्नी गई तो उसने पत्नी के साथ मारपीट कर उसे भगा दिया। फनीश कृषि उपज मंडी में गाड़ी चालक है। अजीबो-गरीब हरकतों की वजह से उसे दो से तीन बार निलंबित भी किया जा चुका है।





# संतों की चिंता- मोबाइल छीन रहा संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिस दिन हिन्दू सिर पर शिखा व मस्तक पर तिलक धारण करने का संकल्प लेने के साथ ही गो-हत्या के खिलाफ कठोर कानून लागू करेगा। उसके बाद से विश्व शांति व राष्ट्रगुरु बनने का संकल्प भी पूरा हो जाएगा। शिखा व मस्तक पर तिलक धारण करने से धर्म का एहसास होगा। भोजन में मांसाहार वर्जित है। सात्विक भोजन का उपयोग करने से विचार दूषित नहीं होंगे। कुछ इसी तरह के संवादों के साथ श्री बालयोगेश्वर रामबालक दास महात्यागी महाराज विशाल हिंदू धर्मसभा में लोगों से जुड़े।

■ शिखा, तिलक धारण करें, हैलो की जगह बोलें वंदेमातरम और जयश्री राम

साइंस कॉलेज स्थित दीनदयाल ऑडिटोरियम में आगे कहा कि मोबाइल अटैंड करते समय लोग हैलो शब्द का इस्तेमाल करते हैं। इसके स्थान पर अगर वंदेमातरम या फिर जयश्री राम कहें तो इससे संवाद शुरू होते ही व्यक्ति व उसके व्यक्तित्व का एहसास होगा। इससे आपस में संवाद भी अच्छे विषयों पर होंगे। इनमें देश में गोमाता की हत्या के षडयंत्र को रोकने के लिए कठोर कानून लाने की मांग हर किसी को रखनी होगी, ऐसे विषयों पर भी आपस में सहमति होनी चाहिए। महाराज ने कहा कि मोबाइल से बच्चों का संस्कार छिन रहा है। वहीं स्वामी राधेश्याम महाराज ने कहा कि संसार में हिंदू धर्म से जुड़े सनातनी ही विश्व कल्याण की कामना करते हैं।

### रामभक्तों के सहयोग को भी सराहा

इस धर्मसभा में मुख्य वक्ता के रूप में हनुमान गढ़ी अयोध्या से आए महंत राजूदास ने कहा कि श्रीराम के ननिहाल में आना सौभाग्य का विषय है। अयोध्या में रामलला की स्थापना के बाद से लोग दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। ऐसे समय में आस्था के साथ संस्कारों की शिक्षा पर जोर दिया जाना चाहिए। उन्होंने संतों के इस महाकुंभ के लिए आयोजक समिति के शशांक देशमुख, प्रवीण साहू, प्रतीक सोनी और बड़ी संख्या में रामभक्तों के सहयोग को भी सराहा। वहीं ज्योतिष ऋषि सीताशरण दास महाराज ने हिंदू व सनातन में बताई गई जीवनशैली को लेकर धर्म प्रेमियों के बीच बात रखते हुए कहा कि हिंदू धर्म की प्राचीनता को लेकर कई लोग सवाल उठाते थे, उन्हें जवाब मिल चुका है।

### संस्कार जीवन की अहम कड़ी

स्वामी राजीव लोचन दास महाराज ने कहा कि सनातन हिंदू धर्म एक भारतीय धर्म और जीवनशैली है। हिंदू शब्द एक उपनाम है, हिंदू धर्म को दुनिया का सबसे पुराना धर्म कहा गया है। कई अभ्यासी अपने धर्म को सनातन धर्म कहते हैं। जो इस विचार को संदर्भित करता है कि उत्पत्ति मानव इतिहास से परे है। वहीं शिवनाथ योगी, वेद प्रकाशाचार्य महाराज ने कहा कि इसे वेदों से संबंधित धर्म भी माना गया है। हिंदू धर्म में पूजा, पाठ, जप, ध्यान, परिवार-उन्मुख संस्कार, वार्षिक त्योहार और सामयिक तीर्थ यात्रा जैसे अनुष्ठान शामिल हैं। वहीं योगी के अभ्यास के साथ कुछ लोग सामाजिक दुनिया और भौतिक संपत्ति को छोड़ते हैं। इन सबके बीच संस्कार एक कड़ी है, इसका पालन करें।

# आरईसी के सीएमडी पहुंचे सत्यसाईं हास्पिटल कार्डियक वार्ड का लोकार्पण



**रायपुर।** ग्रामीण विद्युतीकरण निगम (आरईसी) के सीएमडी ने नवा रायपुर के श्री सत्य साई संजीवनी हास्पिटल में कार्डियक वार्ड का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से बात कर हास्पिटल के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने भविष्य में अस्पताल को हर सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। आरईसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक विवेक कुमार देवांगन, ईडी सीएसआर तरुणा गुप्ता, एमडी सीएसपीडीसीएल भीम सिंह कंवर के साथ श्री सत्यसाईं हास्पिटल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने आरईसी गिफ्ट ऑफ लाइफ कार्डियक वार्ड का लोकार्पण और एक हजार सर्जरी पूरी होने की स्मृति में पट्टिका का अनावरण किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि अस्पताल का पवित्र और अद्वितीय कार्य इस तथ्य से स्पष्ट है कि रिकॉर्ड सफलता के साथ 31500 से अधिक सर्जरी और कैथ हस्तक्षेप सफलतापूर्वक पूरे किए गए हैं।

### हंगामेदार होगा मानसून सत्र सरकार को कई मुद्दों पर घेरने की तैयारी में विपक्ष

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू हो रहा है। 5 दिनों तक चलने वाले इस सत्र को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। विपक्ष सत्तापक्ष को घेरने के लिए कई मुद्दों को उठाने की कोशिश में है। वहीं सत्तापक्ष के विधायकों ने भी अपनी ही सरकार के लिए कई सवाल लगाए हैं। सत्र में कुल पांच बैठकें होनी हैं, इसके लिए विधायकों ने सवालों की झड़ी लगाई है। सत्तापक्ष और विपक्ष ने 965 सवाल लगाए हैं, इस बार सत्र हंगामेदार रहेगा। विधानसभा सत्र में विपक्ष के पास इस बार मुद्दों की कमी नहीं है। बलौदाबाजार हिंसा के साथ-साथ विपक्ष अवैध शराब की बिक्री, खाद-बीज की कमी, कानून अव्यवस्था, बिजली के दाम में वृद्धि और बिजली कटौती, बैगा जनजातियों की डायरिया से मौत, गो-तस्करी, आदिवासी छात्रावासों में गड़बड़ी, जर्जर स्कूल भवन, धान खरीदी केंद्रों में गबन के मामले, राशन सामग्री वितरण में गड़बड़ी और नक्सली हिंसा जैसे मुद्दों पर घेरने की रणनीति बना रहा है।

# यूपीएससी से लेकर व्यापम तक के सवालों में उलझे अभ्यर्थी, बीएससी नर्सिंग में 48% नदारद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रविवार को दो मुख्य परीक्षाएं शहर में हुई। इसमें संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित कंबाइंड मेडिकल सर्विस परीक्षा और व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वार आयोजित नर्सिंग प्रवेश परीक्षा शामिल रही। बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा में 48 प्रतिशत अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। व्यापम को इसके लिए 52 हजार 628 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से मात्र 52.98% ने ही परीक्षा दिलाई। रायपुर में इसके लिए 3 हजार 985 छात्रों ने पंजीयन कराया था। इनमें से 49.5 प्रतिशत छात्र ही उपस्थित रहे।

■ रविवार को हुई यूपीएससी की कंबाइंड मेडिकल ऑफिसर और व्यापम की बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा

बीएससी नर्सिंग में छात्रों से 100 सवाल पूछे गए। कोरोना काल के बाद से नर्सिंग पाठ्यक्रमों को लेकर छात्रों का रूझान बढ़ा है। इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों की तुलना में दोगुने आवेदन इसके लिए प्राप्त हो रहे हैं। परीक्षा देकर निकल छात्रों के अनुसार, प्रश्न औसत रहे। सभी सवाल सिलेबस से ही पूछे गए। किसी भी केंद्र में नकल अथवा इस तरह की स्थिति की सूचना शाम तक व्यापम को प्राप्त नहीं हुई। गौरतलब है कि विभिन्न कारणों से बीएससी नर्सिंग का शेड्यूल पूर्व में कई बार बदला जा चुका था।



### दूसरे पखवाड़े में परिणाम

व्यापम द्वारा प्रवेश परीक्षाओं की शुरुआत जून माह से कर दी गई थी। अब तक व्यापम द्वारा किसी भी प्रवेश परीक्षा के परिणाम जारी नहीं किए जा सके हैं। सूत्रों के अनुसार, व्यापम द्वारा परिणाम घोषित किए जाने का सिलसिला जुलाई के दूसरे पखवाड़े से प्रारंभ हो जाएगा। इसके आधार पर संबंधित विभाग में प्रवेश प्रक्रिया अगस्त माह से प्रारंभ होने की संभावना है।

### रायपुर में दो केंद्र

कंबाइंड मेडिकल सर्विस के लिए यूपीएससी द्वारा 30 अप्रैल तक आवेदन मांगे गए थे। विभिन्न विभागों में 827 पदों पर इसके माध्यम से भर्ती होगी। इसके लिए देशभर में रायपुर सहित 41 केंद्र बनाए गए। राजधानी में दानी गर्ल्स स्कूल और संजय नगर स्थित शासकीय विद्यालय में यह परीक्षा हुई। दो पालियों में सुबह 9.30 से 11.30 तथा दोपहर 2 से 4 बजे तक यह परीक्षा हुई। 768 अभ्यर्थियों ने इसके लिए पंजीयन कराया था।

## पेज 9 के शेष

### 46 साल पहले पिता ने ...

पंचायत अध्यक्ष सुनीता साहू थीं। वहीं, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष बेमेतरा रीना वर्मा ,जिला पंचायत सदस्य बालकुमारी ध्रुव, जनपद पंचायत सदस्य पूर्णिमा चंद्राकर,उपसरपंच बीरबल वर्मा रहे। लोकार्पण के पूर्व माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर शिलालेख का अनावरण किया गया।

### वक्ताओं ने कहा...

अपने विचार व्यक्त करते हुए इस पहल को अनुकरणीय करार दिया । समारोह में स्कूल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

### खाद्य मंत्री बघेल ने ग्राम ...

पंचायत अध्यक्ष धनलाल देशलहरे, उपाध्यक्ष शेर सिंह लोधी, नरेन्द्र लोधी, सरपंच पुन्नी बाई वर्मा, टार्जन साहू, लोधी समाज मारो सर्किल के अध्यक्ष इन्द्र कुमार लोधी, परस वर्मा, सुनील वर्मा और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

**शपथ पत्र**

मैं मोहम्मद जीकर पिता मूसा हासम मेमन उम्र 69 वर्ष निवासी वॉर्ड नं. 04, सिमगा, पोस्ट सिमगा तहसील सिमगा व जिला बलोदा बाजार छ.ग. का निवासी हूँ जो कि निम्नानुसार शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि :-

1. यह कि मै उपर दिये गये उक्त पते का निवासी हूँ ।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरे नाम मोहम्मद जीकर पिता मूसा हासम मेमन दर्ज है। किन्तु मेरे ड्राईविंग लायसेंस में मेरे नाम हाजी मोहम्मद जीकर दर्ज है।
3. यह कि मैं अपने आधार कार्ड के हिसाब से अपने ड्राईविंग लायसेंस में अपना नाम परिवर्तन करवाना चाहता हूँ। तथा मै मोहम्मद जीकर पिता मूसा हासम मेमन के नाम से जाना एवं पहचाना जाता हूँ। तथा इसी नाम से मै अपने ड्राईविंग लाईसेंस में सुधार करवाना चाहता हूँ।
4. यह कि मैं अपने ड्राईविंग लायसेंस में अपना नाम परिवर्तन करवाने हेतु समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ। एतद् को यह सूचनार्थ है ।
5. यह कि मेरे द्वारा कोई भी सारवान तथ्य छुपाया नही गया है।

मो. जिकर
शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं मोहम्मद जीकर पिता मूसा हासम मेमन उम्र 69 वर्ष निवासी वॉर्ड नं. 04 सिमगा, पोस्ट सिमगा तहसील सिमगा व जिला बलोदा बाजार छ.ग. का निवासी हूँ जो कि उपरोक्त शपथ पत्र के कंडिका क. 01 से 05 तक की जानकारी सही व सत्य है जिसको आज दिनांक 15/07/2024 को स्थान बेमेतरा अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित करता हूं।

मो. जिकर
सत्यापनकर्ता

**शपथ पत्र**

मैं मोहम्मद इकबाल मेमन पिता मुसा हासम उम्र 60 वर्ष निवासी वॉर्ड नं. 04 मेन रोड, सिमगा, पोस्ट सिमगा तहसील सिमगा व जिला बलोदा बाजार छ.ग. का निवासी हूँ जो कि निम्नानुसार शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि :-

1. यह कि मै उपर दिये गये उक्त पते का निवासी हूँ।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरे नाम मोहम्मद इकबाल मेमन पिता मुसा हासम दर्ज है। किन्तु मेरे ड्राईविंग लायसेंस में मेरे नाम इकबाल मोहम्मद दर्ज है।
3. यह कि मैं अपने आधार कार्ड के हिसाब से अपने ड्राईविंग लायसेंस में अपना नाम परिवर्तन करवाना चाहता हूँ। तथा मै मोहम्मद इकबाल मेमन पिता मुसा हासम के नाम से जाना एवं पहचाना जाता हूँ। तथा इसी नाम से मै अपने ड्राईविंग लाईसेंस में सुधार करवाना चाहता हूँ ।
4. यह कि मैं अपने ड्राईविंग लायसेंस में अपना नाम परिवर्तन करवाने हेतु समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ । एतद् को यह सूचनार्थ है।
5. यह कि मेरे द्वारा कोई भी सारवान तथ्य छुपाया नही गया है।

मो. इकबाल मेमन
शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं मोहम्मद इकबाल मेमन पिता मुसा हासम उम्र 60 वर्ष निवासी वॉर्ड नं. 04 मेन रोड, सिमगा, पोस्ट सिमगा तहसील सिमगा व जिला बलोदा बाजार छ.ग. का निवासी हूँ जो कि उपरोक्त शपथ पत्र के कंडिका क्र. 01 से 05 तक की जानकारी सही व सत्य है जिसको आज दिनांक 15/07/2024 को स्थान बेमेतरा अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित करता हूँ।

मो. इकबाल मेमन
सत्यापनकर्ता

## खबर संक्षेप

### परसोदा निवासी नागेंद्र ने 39वीं बार किया रक्तदान

**बालोद।** ग्राम परसोदा निवासी नागेंद्र सिन्हा 27 वर्ष पिता डॉ. बिसंभर सिंह सिन्हा प्रदेश कोषाध्यक्ष छ.ग. सिन्हा सामाज ने भाजपा युवा मोर्चा ब्लाक अध्यक्ष पार्थ साहू के माध्यम से जिला अस्पताल बालोद में भर्ती मरीज की जान बचाने के लिए स्वयं के व्यय से बालोद के जिला अस्पताल में पहुंच कर रक्तदान किया। इस दौरान ब्लड बैंक स्टाफ डा. अजय साहू, उत्तम टंडन, दिलीप कुमार, अभिमन्यु करपाल, हिना धुर्वे, निवीदिता साहू उपस्थित था। बिसंभर सिंह सिन्हा ने बी पॉजीटिव रक्त समूह का रक्तदान किया। नागेंद्र सिन्हा अब तक 39वीं बार रक्तदान कर चुके हैं।

### बारिश ने लगाई पहियों पर ब्रेक...

**बालोद।** जिला मुख्यालय में बारिश इतनी तेज थी कि सड़कों में सन्नाटा छा गया। पैदल चलने वालों से लेकर बाइक सवार, ऑटो रिक्शा के पहिए कुछ देर के लिए थम गए। हालांकि बंद गाड़ियां सड़कों पर चलती नजर आईं, लेकिन बारिश इतनी तेज थी कि लगभग 100 मीटर की दूरी तक धुंधला दिखाई दे रहा था। इसके कारण वाहनों की रफ्तार कम हो गई थी।

### शिकसा के सदस्यों ने दी सदाबहार नगमों की प्रस्तुति

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने पुराने गीतों का संर्वधन व पुनः याद करने के लिये शिकसा भूले बिसरे हिन्दी गीत सदाबहार नगमे कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन व विजय प्रधान कार्यक्रम प्रभारी की उपस्थिति व टीकाराम सारथी हसमुख प्राचार्य चुरतेली की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में माधुरी करसाल मधुरिमा, चन्द्र कुमार चन्द्रा, धीरज रंगारी, रामेश्वर प्रसाद आदित्य, ओ.पी.कौशिक रतनपुरिहा, डॉ.शालिनी श्रीवास्तव, सुजीत कुमार श्रीवास्तव, सान्वी श्रीवास्तव, हेमा चन्द्रवंशी, हरमन कुमार बघेल, डॉ.प्रमोद आदित्य, राजीव गुप्ता, रामलाल कोसले, निशा गुप्ता चौधरी, मंजू लता मेरसा कृष्णा मानसी, भीखमलाल देवांगन, शिवकुमार अंगारे, रामकुमार पटेल, बुधनी अजय, सुनीता चौधरी, सुमन लता साहू, सुचिता निषाद, कविता श्रीवास, श्रीजल श्रीवास, प्रेक्षा साहू, शकुन्तला सहंश, कल्पना देवांगन, ज्योति नागरे, पुष्पांजलि ठाकुर, कुसुम जैन, संगीता शोरी, आरती ठाकुर आदि ने भूले बिसरे गीत प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम का संचालक मधु कारकेल व आभार प्रदर्शन डॉ. देवांगन ने किया।

### ऑनलाइन जुआ खेल रहे युवक गिरफ्तार व रिहा

**भिलाई।** ऑनलाइन प्लेटफार्म पर जुआ खेल रहे दो युवकों को गिरफ्तार कर मुचलके पर छोड़ दिया गया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जयंती नगर सड़क नंबर 3-4 के बीच दो युवक ऑनलाइन प्लेटफार्म पर जुआ खेल रहे थे। मौके पर पहुची पुलिस ने युवकों को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर अपना नाम जयंती नगर वार्ड 16 निवासी रियाज शेख और दिनेश बंजारे होना बताया है। पुलिस ने रियाज शेख के कब्जे से मोबाइल , एक कत्था रंग का डायरी, नगदी 2690 रुपए और दिनेशसे भी मोबाइल, नगदी 2310 रुपए जब्त किया।

## निधन

### नथमल जोशी



**बेमेतरा।** थान खम्हरिया के वरिष्ठ नागरिक नथमल जोशी का निधन 78 वर्ष की उम्र हो गया। वे काफी दिनों से अस्वस्थ थे। श्री जोशी थानखम्हरिया ग्राम पंचायत के दौर में सरपंच थे । दाह संस्कार मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोग सम्मिलित हुए। वे भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी के बड़े भाई। वे पुत्र प्रेम जोशी सतीश जोशी व दो पुत्रियों से भरा- पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

---

डाइट बेमेतरा में चारों विकासखंडों के संकुल समन्वयकों का 5 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

# क्षमता को निखारने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है प्रशिक्षण : डॉ दीवान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा





जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में चारों विकास के संकुल समन्वयकों का पांच दिवसीय सपोर्टिव सुपरविजन प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता, शिक्षाविद, व इतिहासकार डॉ बसबंधु दीवान थे।

विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम की प्रभारी उषा किरण पांडेय, डाइट के व्याख्याता थलज कुमार साहू, यमुना जांगड़े राजकुमार वर्मा उपस्थित थे। प्रारम्भिक सत्र को संबोधित करते हुए डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता डॉ बसुबंधु दीवान ने कहा कि हमारे शिक्षकों के सबसे करीब अकादमिक सदस्य के रूप में संकुल समन्वयक ही रहता है। यह प्रशिक्षण शिक्षकों की एवं संकुल समन्वयकों की क्षमता को निखारने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है। इस दृष्टिकोण से उनकी जिम्मेदारी और भी बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से संकुल समन्वयक जिन बच्चों को सीखने में कठिनाई हो रही है, उनके चिन्हांकन में और उनके लिए नई रणनीति बनाने में तथा शत प्रतिशत बच्चों को बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान की दक्षताओं को प्राप्त करने में हमारे शिक्षकों की मदद कर पाएंगे। सभी प्रशिक्षाणार्थियों को 5 समूहों में बांटकर विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। उसके बाद सीएसी की भूमिका एक नेतृत्व कर्ता के रूप, इस पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षण में राज्य स्रोत व्यक्ति के रूप में पवन देवांगन, जलेश जांगड़े, खिलेन्द्र साहू, केंवरा सेन, प्रीतम चन्द्राकर, रमेश मारकंडे, साथ ही साथ अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से हुमा नाज, पवन सत्कार, प्राची ध्रुव्रे, जयप्रकाश सहित डाइट के व्याख्याता जी एल खुटियारे, कीर्ति घृतलहरे, श्रद्धा तिवारी, अमिंदर भारती, नागेंद्र शर्मा, कमलेश शर्मा, सत्येंद्र मिश्रा, पूनम पाण्डेय, सरस्वती साहू आदि उपस्थित थे।

### प्रशिक्षण को गंभीरता से लें : थलजकुमार

डाइट के व्याख्याता थलज कुमार साहू ने सभी सीएसी को इस प्रशिक्षण को पूरी तरह से गंभीरता पूर्वक लेने को कहा। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से आप अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी पूर्वक, सक्रियता के साथ और उत्साहित होकर सकते हैं। एक संकुल समन्वयक पर लीडरशिप के साथ-साथ, कक्षा में पढ़ाना, अपने अधीनस्थ विद्यालयों की मॉनिटरिंग, शिक्षकों की व्यवस्था के साथ ही सभी विद्यालय और शिक्षकों के बीच समन्वय करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। इस प्रशिक्षण से जो कुछ भी आप सीखेंगे उसे आप अपने संकुल के स्कूलों में अनिवार्यतः लागू करेंगे।

---

# परपोड़ी स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा बढ़ा पर सुविधाएं जस की तस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| परपोड़ी



नगर पंचायत परपोड़ी के स्वास्थ्य केन्द्र का अभी कुछ महिनों पहले ही उन्नयन हुआ और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा मिला है, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि दर्जे में तो बढ़ोत्तरी हो गई, लेकिन सुविधाएं जस की तस हैं। यहां न तो एंबुलेंस और न ही अन्य सुविधाएं। अब यह नगर का दुर्भाग्य है कि यहां स्वास्थ्य सुविधाएं बदतर स्थिति में पहुंच गई है।

■ अस्पताल में पदस्थ मेडिकल ऑफिसर कई माह से अनुपस्थित

नगर में लगभग दो साल पहले शासन द्वारा ओम वैष्णव मेडिकल आफिसर के पद पर पदस्थ हैं, जो कि कुछ ही दिन आए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत दिसंबर माह से ओम वैष्णव मेडिकल छुट्टी पर गए हैं। इसके कारण छोटे-छोटे कार्यों के लिए लोगों को साजा का दौरा करना पड़ जाता है। नगर में थाना है, जहां आये दिन मारपीट के मामले आते रहते हैं, जिनका मेडिकल चेक अप कराने के लिए साजा दौड़ना पड़ जाता है। यदि नगर में मेडिकल आफिसर होते तो थाने में आये मामले का स्वास्थ्य परीक्षण नगर में ही हो जाता। इसी प्रकार नगर में आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। ऐसे में वरिष्ठ चिकित्सक के नहीं होने से मौत आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति की घटनास्थल पर मौत हो जाती है किसी अन्य कारण से किन्ही व्यक्ति की मौत हो जाए, तो नगर में ऐसा कोई वरिष्ठ डाक्टर नहीं, जो मौत की पुष्टी करने में सक्षम हो। नगर में पदस्थ डाक्टर, नर्सों द्वारा विधिवत रुप से अपने पद के अनुरूप मरीजों को समुचित इलाज किया जा रहा है, लेकिन वरिष्ठ डाक्टर के नहीं होने से नगर सहित अंचल के 30-40 गावों को समुचित स्वास्थ्य सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

इस संबंध में मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी बेमेतरा डॉ एसआर चुरेंद्र ने कहा कि ओम वैष्णव कहां हैं, पता करके बताता हूं। वहीं, साजा ब्लाक मेडिकल आफिसर डॉ अश्वनी कुमार वर्मा ने कहा कि ओम वैष्णव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

---

# एसपी ने इंटर सेप्टर वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने सोमवार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्राप्त इंटर सेप्टर वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इंटर सेप्टर वाहन की विशेषता वाहन में अनेक प्रकार के यंत्र स्थापित किए गए हैं। जिसमे स्पीड राडारगन निर्धारित गति से तेज चलने वाले वाहनो की गति मापने, ब्रेथ एनालाइजर नशे में वाहन चलाने वाले चालकों की जांच होगी। सर्विलांस कैमरा के साथ साथ प्रकाश तीव्रता मापन यंत्र वाहन की तेज हेडलाइट की जांच, ग्लास पारदर्शिता यंत्र वाहन के ग्लास की पारदर्शिता मापने के लिए ध्वनि मापक यंत्र वाहन में लगे ध्वनि विस्तारक यंत्रो की आवाज मापने हेतु पीए सिस्टम यंत्र सुगम यातायात प्रबंधन हेतु दिशा निर्देश देने हेतु इंटर सेप्टर वाहन में लगे यंत्र का उपयोग कर तेज गति से वाहन चलाने वाले शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालको पर लगातार कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर राजेश कुमार झा उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कमल नारायण शर्मा उप पुलिस अधीक्षक बालक विरूद्ध अपराध उप निरीक्षक परवासी यादव यातायात प्रभारी बेमेतरा एवं यातायात स्टाफ उपस्थित रहे।

---

# नवागढ़ में हुई शालेय क्रिकेट चयन प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नवागढ़

शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत जिला स्तरीय क्रिकेट बालक आयु वर्ग अंडर 17 एवं 19 का चयन प्रक्रिया शनिवार को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल नवागढ़ के तत्वावधान में हाई स्कूल मैदान में आयोजित की गई। सेजेस नवागढ़ के प्राचार्य राजेन्द्र कुर्रे द्वारा खेल आरंभ कराया गया। आयोजन में नवागढ़ विकासखंड के समस्त व्यायाम शिक्षकों की विशेष सहभागिता रही। इसमें पूरे बेमेतरा जिला के शालेय खिलाड़ियों ने भाग लिया। आयोजन में आरडी निर्मलकर,देवेंद्र देवांगन,बैजनाथ टंडन,अखिलेश मिश्रा,श्रीकांत यादव,कोमल घृतलहरे,राजकुमार पटेल,प्रीतम राजपूत,हरिशंकर चंदेल एवं अन्य ब्लॉक के प्रभारी व्यायाम शिक्षक सम्मिलित हुए।



---

# चंद्रशेखर आजाद परपोड़ा स्कूल में किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेरला

समीपस्थ चंद्रशेखर आजाद शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय परपोड़ा में आज पौधारोपण किया गया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान में प्रधानमंत्री मोदी की प्रकृति सेवा और माँ के सम्मान का अनुकरणीय भाव है। पर्यावरण के प्रति अपनी रुचि दिखाते हुए स्कूल के छात्र- छात्राओं व शिक्षकों ने पौधारोपण कर सुरक्षा करने का संकल्प लिया गया।

■ छात्र- छात्राओं व शिक्षकों ने लिया सुरक्षा का संकल्प



पौधे रोपने के दौरान जालीतार एवं कांटे से घेर कर सुरक्षा कवच बनाया गया। ताकि नन्हे पौधे को कोई क्षति नहीं पहुंचाएं। वही पौधे में पानी डाला गया जिससे मिट्टी की नमी और हरा भरा रहे। वही विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि पौधारोपण अभियान का उद्देश्य न केवल पर्यावरण को संरक्षित करना है, बल्कि समाज व वातावरण को स्वच्छ के साथ हरित जागरुकता भी फैलाना है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य बीएल कुर्रे, व्याख्याता टीआर ठाकुर, जेएल पारधी, दिव्या देवांगन, माया जयन, पायल राजपूत, कु. पायल शर्मा, महेंद्र साहू सहित छात्र- छात्राओं की उपस्थिति रहे।

**स्वच्छ वातावरण बनाने में देगा मददः** बच्चों ने बताया कि यह वृक्ष आगे चलकर एक विशाल रूप ले लेगा। साथ ही जैसे जैसे बढ़ते जाएंगे अपनी शाखाओं के सहयोग से स्वच्छ व शुद्ध हवा पूरे वातावरण में सुरक्षित बनाये रखने में सहयोग करेंगी। जिस प्रकार मां हमें जीवन देती है और हमारा लालन पालन करती है। ठीक उसी प्रकार ही प्रकृति भी हमारे लिए जीवनदायिनी है। जिसकी संरक्षण व संवर्धन करना हमारा कर्तव्य है। इस पहल में हर व्यक्ति, समाज व सभी को वृक्ष लगाना चाहिए और पर्यावरण संरक्षण में अपना सहयोग जरूर देने की अपील करनी चाहिए।

---

# जिला देवांगन समाज का चुनाव 18 अगस्त को, तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



जिला देवांगन की बैठक मां परमेश्वरी भवन ग्राम सिवनी बालोद में बैठक रखी गई। बैठक में जिले भर के सभी ब्लॉक के पदाधिकारियों को देवांगन मतदाता सूची 20 जुलाई तक जमा करने एवं 31 जुलाई तक मतदाता सूची को प्रकाशन करने को कहा। आगामी चुनाव तारीख 18 अगस्त रविवार को रखने की घोषणा की गई। इस दौरान कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

बता दें कि बालोद जिले में देवांगन समाज अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों के तीन वर्ष कार्यकाल पूर्ण होने को है। उसके बाद चुनाव की प्रक्रिया फिर से होनी है, जिसमे मतदाता सूची सभी ब्लॉक से मंगाई गई है। वहीं महिला प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष का चुनाव होना है। जिसके अंतर्गत अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष, एक पद सचिव एवं दो पद सहसचिव के लिए चुनाव की प्रक्रिया होनी है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष पोषण देवांगन, देवांगन समाज बालोद के जिला अध्यक्ष केदार देवांगन, सचिव बेदलाल देवांगन, एमएल देवांगन, पंचु राम देवांगन, नरेन्द्र देवांगन, दीपक देवांगन, सुरेंद्र देवांगन, लक्ष्मण देवांगन, टिकेंद्र देवांगन, दिनेश देवांगन, मूलचंद देवांगन, टुकेश्वर देवांगन, किशन लाल देवांगन, हेमंत देवांगन, श्याम लाल देवांगन, गोकुल देवांगन, महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष केशर देवांगन, मोहिनी देवांगन, भारती देवांगन, संगीता देवांगन, रामेश्वरी देवांगन बालोद जिले के सभी ब्लॉक अध्यक्ष सचिव एवं अन्य पदाधिकारीगण एवं कार्यकारिणी युवा प्रकोष्ठ सामाजिक बंधु एवं महिलाएं उपस्थिति थे।

---

# आंगनबाड़ियों में किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जल शक्ति से नारी शक्ति अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत वृहद रुप से पौधारोपण किया गया।

जल शक्ति से नारी शक्ति अभियान के साथ ही एक पेड़ मां नाम के अंतर्गत कलेक्टर रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में एवं चंद्रवेश सिंह सिसोदिया कार्यक्रम अधिकारी एवं सी.पी. शर्मा जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के नेतृत्व में जिले के लगभग 1178 आंगनबाड़ी केंद्रों में जनप्रतिनिधि- जनसमुदाय द्वारा एक फलदार पौधे रोपित किया गया है।

■ एक पेड़ माँ के नाम तथा जल शक्ति ने नारी शक्ति अभियान चलाया गया



चार अन्य फलदार वृक्ष नान प्रतिनिधियों, महिला समूहों, महिला मंडल एवं ग्रामीण महिलाओं को सम्मिलित कर तथा गर्भवती महिलाओं कुपोषित बच्चों के घर में वृक्ष लगाकर इसे एक उत्सव के रूप में मनाया गया है। जिसमें रोपित पौधों की संख्या लगभग 6000 से ऊपर है।

### महिलाओं को बताया जल संचयन करना

साथ ही जल शक्ति से नारी शक्ति अभियान अंतर्गत आंगनबाड़ी क्षेत्र अंतर्गत आने वाली महिलाओं को एकत्रित कर स्वच्छ पेयजल की महत्ता, पानी का संचयन, रेनवाटर हार्वेस्टिंग सारा पानी का अन्य उपयोग के साथ-साथ प्रत्येक घर में पानी का संचयन कैसे किया जाना चाहिए, पर विस्तार जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। उक्त जानकारियों को व्यवहार में लाने का अनुरोध किया गया। साथ ही उपस्थित जन समुदाय विशेष कर महिलाओं को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत, सुकन्या समृद्धि योजना, मातृ वंदना योजना आदि योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अभियान को सफल बनाने में उद्यानिकी विभाग, वन विभाग, पंचायतीराज विभाग का विशेष योगदान रहा।

### पर्व की तर्ज पर हर्षोल्लास से मनाया

अभियान को जिला कार्यालय, समस्त एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं सखी वन स्टाप सेंटर महिला एवं बाल विकास के समस्त अधिकारियों- कर्मचारियों द्वारा इस अभियान को एक पर्व के तर्ज पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

---

विकासखंड स्तरीय स्पोकन इंग्लिश ट्रेनिंग का प्रथम चरण प्रारंभ

# शिक्षकों को सीखा रहे अंग्रेजी ताकि बच्चे हो सकें निपुण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेरला



विकासखण्ड स्तरीय स्पोकन इंग्लिश ट्रेनिंग बीआरसी एवं कबीर भवन में आयोजित किया गया। जिसमें प्रशिक्षण के डीआरजी भगवत प्रसाद बानी, अनुराग साहू, भूपेंद्र शर्मा, पुष्कर भोसले एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से ज्ञानेश्वर के माध्यम से संपन्न की जा रही।

प्रशिक्षण पूर्ण रूप से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बेमेतरा के निर्देशानुसार संपन्न किया जा रहा है। डाइट के प्राचार्य जेके दूतलहरे के निर्देशानुसार कार्य योजना बना हुआ है। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस प्रातः 10 बजे से प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया था। प्रशिक्षण की शुरुआत बीआरसी खोमलाल साहू जीके माध्यम से प्रारंभ किया गया। इन्होंने बताया कि स्पोकन इंग्लिश हमारे विद्यालय के लिए कितना महत्वपूर्ण है। आज के वर्तमान परिपेक्ष में बच्चे गणित से नहीं बल्कि इंग्लिश विषय से बहुत अधिक डरते हैं। जिसके कारण से बच्चे अपनी उपलब्धि को हासिल नहीं कर पाते क्योंकि आज हर क्षेत्र इंग्लिश से जुड़ा हुआ है। इस क्षेत्र में बच्चे थोड़ा सा अपने आप को पिछड़ा महसूस कर रहे हैं। इसी परिदृश्य को बदलने के लिए शिक्षकों का पांच दिवसीय इंग्लिश स्पोकन प्रशिक्षण का आयोजन राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद रायपुर के मार्गदर्शन में किया गया है। जिसके माध्यम से शिक्षक इंग्लिश में निपुण होकर अपने विद्यालय बच्चों को एक अच्छी शिक्षा इंग्लिश के संदर्भ में प्रेषित कर सकेगा।

### 100 शिक्षक हुए शामिल

प्रशिक्षण में प्राथमिक शाला से प्रथम बैच बीआरसी भवन में 50 एवं दूसरा बैच कबीर भवन में 50 इस प्रकार से कुल 100 शिक्षकों ने अपनी उपस्थिति प्रदान किया। प्रशिक्षण में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम विद्यालय के प्राचार्य कुसमी ठाकुर के माध्यम से समस्त शिक्षकों को स्पोकन इंग्लिश के संदर्भ में बारीकियां से अध्ययन कराया गया। आने वाले समय में इसका विद्यालय में शत-प्रतिशत उपयोग करने अपने विचार प्रस्तुत किए।

---

# चैंबर ऑफ़ कॉमर्स बालोद की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

चैंबर ऑफ़ कॉमर्स बालोद की बैठक नगर के दुर्गा मंदिर स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। चैंबर ऑफ़ कॉमर्स दुर्ग जिला के अध्यक्ष एवं दुर्ग संभाग के समन्वय संगठन मंत्री पवन बड़जात्या विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में जीएसटी के संदर्भ में नई जानकारी सहित नए सदस्यों को जोड़ने के लिए मार्गदर्शन दिया। चैबर ऑफ़ कॉमर्स बालोद के अध्यक्ष राजू भाई पटेल ने रायपुर में बन रहे होलसेल कॉरिडोर केंद्र में बालोद सहित छोटे-छोटे शहरों के व्यापारियों को पर्याप्त जगह देने की मांग रखी। इस बैठक में मुख्य रूप से राजू भाई पटेल, मोहन नाहटा, हेमन्त बाफना, किशोर भाई पटेल, श्रवण टावरी, हरेश आहूजा, भवानीशंकर शर्मा, दिनेश तापड़िया उपस्थित थे।